श्री अरहंत जिनेश महान। पाऊ सम्यक् दर्शन ज्ञान ।
देखें नाथ परम सुख हो। पूजे नाथ महा सुख हो ॥

ॐ ह्रीं श्री अरहंत जिनेन्द्राय मोक्षफल प्राप्ताय फल नि ।

अर्घ्य स्वगुण मय लाऊं नाथ पद अनर्घ्य का पाऊ साथ।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो॥
श्री अरहंत जिनेश महान। पाऊ सम्यक् दर्शन ज्ञान ।
देखें नाथ परम सुख हो। पूजे नाथ महा सुख हो ॥

ॐ ह्री श्री अरहत जिनेन्द्राय अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घ्य नि ।

जयमाला

मत्त सवैया

मै वीतराग अरहत ध्यान मुद्रा को करता हू प्रणाम ।
तुम पूर्ण अनत चतुष्टय के स्वामी निज मे करते विराम॥
सर्वज्ञ दशा प्रगटी पावन दर्पण वत झलका सकल ज्ञेय।
हो चुके विभावी भाव नष्ट है सिद्ध स्वपद ही परम श्रेय॥
गुण शक्ति अनतानत पूर्ण प्रकटी है आकर के स्वमेव ।
हे निर्निमेष अष्टादश दोषो से विहीन न सर्वज्ञ देव ॥
जीवत शक्तियॉ आज मुख्य प्रगटी है सैतालीस महान ।
पाया अनत शक्तियॉ युक्त अपना पावन उज्ज्वल विहान॥
अब नहीं विकारी माया है है नहीं कही भी कुछ प्रपंच ।
उज्ज्वल प्रकाश निज पाया है जैसे होता सुप्रभाव मंच ॥
चऊ कर्म उपाधि विनष्ट हुई पाई निर्मल उत्तम समाधि।
अब कहीं शेष अणु भर न रही ससारी बाधा की उपाधि॥

जो सुदृष्टि है वही जीव करता है निज में सदा निवास।
इष्ट अनिष्ट समान जानकर इनसे रहता सदा उदास ॥

परिपूर्ण सौख्य सागर उछला निर्मल स्वभाव हो गया व्याप्त ।
बन गए त्रिलकी नाथ आप हो गए क्षणिक में पूज्य आप्त॥
नन्हा सा ज्ञानांकुर पल में बन गया महातरु मुख्य आज।
आयी है परिणय की वेला सज मुक्ति वधू आयी स्वराज॥
चहुं ओर दिशा चारों में ही आयी आनंदाममृत बहार ।
अब तो अघाति भी क्षय करके पाएंगे प्रभु संसार पार ॥
तरुणायी से उर ओत प्रोत संचार शक्तियां है अनुपम ।
पाया अदभुत सौन्दर्य प्रखर मिट गया सकल जग का विभ्रम॥
रत्नत्रय की ही दशा पूर्ण करती है सौख्य नीर सिचन ।
दैदीप्यमान आलोक प्राप्त प्रभु तुमने जीत लिया त्रिभुवन॥
मैं भी तुव पथ पर आ जाऊ यह निश्चय आज किया मैंने।
आनद अतीन्द्रिय की छाया तुव चरणो में देखी मैंने ॥
अध्यात्म भावना हे स्वामी अब मेरे अतर में भर दो ।
मेरे मन प्रागण की बगिया हो उठे हरी ऐसा कर दो ॥
आत्मोत्पन्न शिव सुख सागर मेरे उर मे भी लहराए ।
अनुभव रस का पावन विशाल सागर मेरे उर मे आए ॥
भव रूप स्वयभूरमण उदधि सम मोह नाश जल्दी जीतू।
हिमगिरि के उच्च शिखर सम प्रभु रागो की ज्वाला से रीतू ॥
इसलिए नाथ की है पूजन मै ज्ञाता दृष्टा हो जाऊ ।
मैं भी प्रभु त्रेसठ प्रकृति नाश अरहत दशा निज प्रगटाऊं॥

ॐ ह्रीं श्री अरहंत जिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं नि. ।

आशीर्वाद

सोरठा

श्री अरहत महान भेदज्ञान विज्ञान दो ।
पाऊं सौख्य महान यही विनय है हे प्रभो ॥

इत्याशीर्वाद :

पाप पुण्य की लहरावलियों से तू गया स्वयं को भूल ।
ज्ञान उदधि की सलिल तरंगों में आनंद पूर्वक झूल ॥

ॐ

पूजन क्रमांक ३

श्री कर्म दहन पूजन

स्थापना

ताटंक

श्री सिद्ध प्रभु को मै पूजूॅ घाति अघाति कर्म नाशक ।
श्री अरिहंत देव को पूजूॅ चार घातिया के घातक ॥
सर्व साधुओं के पद पूजूॅ मोक्षमार्ग के जो साधक ।
श्री सर्वज्ञ प्रणीत धर्म को पूजूॅ जो शिव सुखदायक ॥
यही चार मगल हैं जग मे यही चार उत्तम जग मे ।
इन चारो की शरण प्राप्त कर आऊ नाथ मोक्ष मग मे ॥
ज्ञानावरण दर्शनावरणी वेदनीय अरु मोह प्रबल ।
आयु नाम अरु गोत्र और हैं अंतराय वसु कर्म सबल ॥
इनकी सगति कर अनादि से भटक रहा निज रूप बिसार।
कर्म दहन पूजन करके मै दूर करू कर्मो का भार ॥

ॐ ह्रीं श्री अष्टकर्म विध्वसक श्री सिद्ध परमेष्ठिन् अत्र अवतर अवतर सवौषट् ।
ॐ ह्रीं श्री अष्टकर्म विध्वसक श्री सिद्ध परमेष्ठिन् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ स्थापनं ।
ॐ ह्रीं श्री अष्टकर्म विध्वसक श्री सिद्ध परमेष्ठिन् अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

अष्टक

आत्म ज्ञान रूपी जल पीकर ज्ञानावरणी नाश करू ।
नष्ट करूं सम्पूर्ण मलिनता ज्ञान अनन्त प्रकाश करू ॥
निर्मल भाव जगे मन मेरे इसीलिए जल लाया हूॅ ।
कर्म दहन करने को स्वामी चरण शरण में आया हूॅ ॥

जब वैराग्य विलास धर्मकी महिमा उर में आती है ।
राग द्वेष मोहादि विकारी दशा बदल ही जाती है ॥

ॐ ह्री श्री अनन्त ज्ञान गुण सम्पन्न श्री सिद्ध परमेष्ठिने जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जल निर्वपामीति स्वाहा ।

दर्शन आवरणी के कारण भटक रहा हूं मैं संसार ।
निज दर्शन से इसको क्षय कर लूं अनंतदर्शन अविकार॥
जिन वचनों का शीतल चन्दन पाने को मैं आया हूँ ।
कर्म दहन करने को स्वामी चरण शरण मे आया हूँ ॥

ॐ ह्रीं श्री अनन्त ज्ञान गुण सम्पन्न श्री सिद्ध परमेष्ठिने ससांरताप विनाशनाय चंदनम् निर्वपामीति स्वाहा ।

वेदनीय के उदय जनित सुखदुख से मैं पीडित हूँ नाथ।
इसे नष्ट कर प्रभु मैं पाऊ अव्यावाधी सुख का साथ ॥
परमोज्ज्वल अक्षय पद पाऊं अत शुभाक्षत लाया हूँ ।
कर्म दहन करने को स्वामी चरण शरण मे आया हूँ ॥

ॐ ह्रीं श्री अनन्त ज्ञान गुण सम्पन्न श्री सिद्ध परमेष्ठिने अक्षय पद प्राप्ताय अक्षत निर्वपामीति स्वाहा ।

दर्शन अरु चारित्र मोह ने सदा दिया मुझको धोका ।
स्वय भूल से कामरूप हो शील लक्ष्मी को रोका ॥
मोह कर्म हर सुख अनंत हित भाव पुष्प मैं लाया हूं ।
कर्म दहन करने को स्वामी चरण शरण मे आया हूँ ॥

ॐ ह्रीं श्री अनन्त ज्ञान गुण सम्पन्न श्री सिद्ध परमेष्ठिने कामबाण विनाशनाय पुष्पम् निर्वपामति स्वाहा ।

आयु कर्म के कारण अवगाहन गुण प्रगट न हुआ कभी।
देव मनुज पशु नर्क आदि में क्षुधारोग दुख सहे सभी ॥
आयु कर्म क्षय का निश्चय ले भावों के चरु लाया हूँ ।
कर्म दहन करने को स्वामी चरण शरण में आया हूँ ॥

अरे विलक्षण चेतन अब तो तज दे तू इस जग की रीत।
सुखाभास की मृग मरीचिका समझ न कर भव दुख से प्रीत ॥

ॐ ह्रीं श्री अनन्त ज्ञान गुण सम्पन्न श्री सिद्ध परमेष्ठिने क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

नाम कर्म से शरीर रचना हुई सदा चारों गति में ।
सूक्ष्मत्व गुण पाने का अब भाव जगा मेरी मति में ॥
नाम कर्म युत तन विनष्ट करने को दीपक लाया हूं ।
कर्म दहन करने को स्वामी चरण शरण में आया हूँ ॥

ॐ ह्रीं श्री अनन्त ज्ञान गुण सम्पन्न श्री सिद्ध परमेष्ठिने मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।

गोत्र कर्म का उदय सदा ही ऊंच नीच कुल देता है ।
अगुरुलघुत्व स्वगुण पाने की बुद्धि सतत हर लेता है ॥
गोत्र कर्म के नाश हेतु मैं भाव धूप प्रभु लाया हूं ।
कर्म दहन करने को स्वामी चरण शरण में आया हूँ ॥

ॐ ह्रीं श्री अनन्त ज्ञान गुण सम्पन्न श्री सिद्ध परमेष्ठिने अष्टकर्म दहनाय धूप निर्वपामीति स्वाहा ।

अन्तराय के बधभाव से शक्ति अनन्त न प्रगट हुई ।
फलस्वरूप निज मोक्ष भवन की बाधा कभी न विघट हुई॥
अंतराय के सर्वनाश हित भावों के फल लाया हूं ।
कर्म दहन करने को स्वामी चरण शरण मे आया हूँ ॥

ॐ ह्रीं श्री अनन्त ज्ञान गुण सम्पन्न श्री सिद्ध परमेष्ठिने मोक्षफल प्राप्ताय फल निर्वपामीति स्वाहा ।

ये आठों ही कर्म शत्रु निश्चित अनर्घ पद बाधक हैं ।
क्षय हित सम्यक् दर्शन ज्ञान चरित्रवीर्यतप साधक हैं ॥
शुभ उपयोग रूप परिणति तो मेरी हुई अनन्तो बार ।
अब शुद्धोपयोग परिणति पाने का आया मुझे विचार ॥

लौकिक और अलौकिक सुख में केवल इतना अंतर है।
एक अनंत दुखों का घर है दूजा शिवसुख सागर है ॥

वसु कर्मो के नाश हेतु मैं अर्घ संजोकर लाया हूं ।
कर्म दहन करने को स्वामी चरण शरण में आया हूं ॥

ॐ ह्री श्री निश्चयवेण अनन्तगुण व्यवहारनयेण अष्टगुण सम्पन्न श्री सिद्ध परमेष्ठिने अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

अर्घ्यावलि

तीन शतक छत्तीस भेदयुत मतिज्ञानावरणी नाशू ।
भाव द्रव्य युत ज्ञानावरणी प्रकृति पूर्णत. मैं नाशू ॥
. देशावधि सर्वावधि परमावधि त्रंय अवधि विनाश करू ।
ऋजुमति विपुल मन पर्यय ज्ञानावरणी का त्रास हरूँ ॥
केवल ज्ञानावरण नाश कर पांचों प्रकृति विनाश करू ।
ज्ञानावरणी कर्म पूर्ण हर ज्ञानअनन्त प्रकाश करूं ॥

ॐ ह्री पचप्रकार ज्ञानावरणी कर्म दहनाय अनत ज्ञान गुण प्राप्ताय श्री सिद्ध परमेष्ठिने अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वहा ।

चक्षु अचक्षु अवधि केवल दर्शन आवरणी क्षय कर लूं ।
निद्रा निद्रा निद्रा प्रचला प्रचला प्रचला को हर लू ॥
अरु स्त्यानगृद्धि सह दुखमय ये नौ प्रकृति नाश आऊँ ।
दर्शन आवरणी विनाश कर गुण अनंत दर्शन पाऊं ॥

ॐ ह्री नव प्रकार दर्शनावरण कर्म दहनाय अनन्त दर्शन गुण प्राप्ताय श्री सिद्ध परमेष्ठिन् अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा ।

वेदनीय दो साता और असाता प्रकृति अभाव करू ।
गुण अव्याबाधत्व प्राप्त कर निज सिद्धत्व स्वभाव वरू ॥

ॐ ह्री विकार वेदनीय कर्म दहनाय अव्याबाधत्व गुण प्राप्ताय श्री सिद्ध परमम्ठने अर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा ।

मोहनीय की अट्ठाईस प्रकृतियो को कर डालू क्षार ।
क्रोध मान माया व लोभ की चार कषाय महादुखकार ॥

विविध कर्म या पर स्वरूप से सदाभिन्न है तेरा रूप ।
आत्म ब्रह्म अविकारी अविकल तीन लोक में श्रेष्ठ अनूप॥

अनन्तानुबंधी की चतु: अप्रत्यख्यानावरणी चार ।
हास्यअरतिरति शोक जुगुप्साभय स्त्री पुरुष नपुंसक वेद॥
सोलह नौ पच्चीस बिनाशूं दूँ चारित्र मोह को छेद ।
मैं मिथ्यात्व प्रकृति को नाशूं करूं अभाव मिश्र मिथ्यात्व॥
सम्यक् मोह सहित तीनों ही प्रकृति नष्ट कर लू सम्यक्त्व॥
मोह कर्म सम्राट जीतने दर्श मोह जीतूं तत्काल ।
सुख अनत सम्यक्त्व स्वगुण पा लूं अरहंत दशा सुवशिल ॥

ॐ ह्री अष्टविंशति प्रकार मोहनीह कर्म दहनाय क्षायिक सम्यक्त्व अनन्त सुख गुण प्राप्ताय श्री सिद्ध परमेष्ठिने अर्घ्यम् नि ।

आयु कर्म की चार प्रकृतिया देव मनुष्य नरक त्रियँच ।
चारों हर अवगाहन गुण प्रगटाऊँ भव रज रहे न रच ॥

ॐ ह्री चतु प्रकार आयु कर्म दहनाय अवगाहनत्व गुण प्राप्ताय श्री सिद्ध परमेष्ठिने अर्घ्यम् नि. स्वाहा ।

नाम कर्म की तिरानवे हैं प्रकृति सभी का करूं विनाश ।
सूक्ष्मत्व गुण को प्रगटाऊ पाऊं सिद्धपुरी का वास ॥
नरक, त्रियँच मनुज सुर गतिहर चौगत्यानुपूर्वीहर ।
औदारिक वैक्रियक अहारक तैजसकार्माणतनहर ॥
ये पांचों बधन प्रभु नाशू ये पांचो सघात हरूं ।
एकेन्द्रिय द्वय त्रय चतु पचेन्द्रिय कुजाति का घात करू॥
औदारिक वैक्रियक अहारक अगोपांग तीन को नाश ।
शुभ अरु अशुभ विहायोगति का भी मैं स्वामी करूं विनाश॥
वज्र वृषभनाराच संहनन करू वज्रनाराच विचूर्ण ।
अरु नाराच अर्धनाराच रु सृपाटिका कीलक छह चूर्ण ॥
सम चतुरस्त्र स्वातिवामन, कुब्जक न्यग्रोध परिमंडल।
हुडक संस्थान छह नाशूं निज स्वभाव का ले सबल ॥

तृष्णारूपी नदी पार करने को अब हो जा तैयार ।
लोभजयी संतोषामृत रस पीकर हो जा इसके पार ॥

शीत ऊष्ण,मृदु,कठोर,लघु,गुरु,रूक्ष,स्निग्धस्पर्श की अष्ट ।
आम्ल मिष्ट कटु तिक्त कषायी पांचों रसकीप्रकृतिविनष्ट॥
अरुण श्वेत अरुपीत हरित अरु कृष्णवर्ण की पांच प्रकृति।
प्रकृति गध की द्वय दुर्गंध सुगंध हरूं प्रभु दो सन्मति ॥
पैसठ पिंड प्रकृतिये नाशूं पहुचूँ तीन लोक के शीष ।
अट्ठाईस अपिड विनाशूँ मैं विदेह बन जाऊं ईश ॥
अगुरु लघु उपघात स्वास परघात और आतप उद्योत ।
अरु निर्माण, प्रकृति तीर्थङ्कर नाशूं लूँ सिद्धों की ज्योत॥
प्रभु पर्याप्ति अर्प्याप्त प्रत्येक और साधारण त्रस ।
थावर बादर सूक्ष्म सुस्वर दु.स्वर शुभनाम प्रकृति हर बस॥
अशुभ नाम स्थिर अस्थिर आदेय अनादेय को भेद ।
दुर्भग सुभग अयशकीर्ति अरुयश. कीर्ति तीर्थंकर छेद ॥
ये तिरानवे प्रकृति विनाशू सिद्ध बनूं सिद्धालय में ।
नाम कर्म के सभी सुभट हरने आऊ निज आलय मे ॥

ॐ ह्री त्रयधिकनवति नामकर्म दहनाय सूक्ष्मत्वगुण प्राप्ताय श्री सिद्ध परमेष्ठिने अर्घ्यम् नि स्वाहा ।

गोत्र कर्म की ऊंच नीच दो प्रकृति अभाव करूं स्वामी ।
अगुरु लघुत्व स्वगुण प्रगटाऊ यह बल दो अन्तर्यामी ॥

ॐ ह्री द्विप्रकार गोत्र कर्म दहनाय अगुरुलघुत्व गुण प्राप्ताय श्री सिद्ध परमेष्ठिने अर्घ्यम् नि स्वाहा ।

दान लाभ भोगोपभोग वीर्यान्तराय का द्वंद हरूं ।
अतराय की पाच प्रकृति हर वीर्य अनत सुप्रगट करूं ॥

ॐ ह्रीं पचप्रकार अतराय कर्मदहनाय अनन्तवीर्य गुण प्राप्ताय श्री सिद्ध परमेष्ठिने अर्घ्यम् नि स्वाहा ।

मोह जनित सारी उपाधियाँ निज समाधि में बाधक हैं ।
आत्म ज्ञान बिन क्रियाकान्ड सब लेश न सुख में साधक हैं ॥

महाअर्घ्य

वसु कर्मों की एक शतक अरु अडतालीस प्रकृति हर लूँ।
अष्ट स्वगुण मैं पाऊं स्वामी गुण अनंत प्रगटित कर लूं॥
कर्म दहन करने को स्वामी बन जाऊँ मुनि निर्ग्रंथेश।
सिद्ध स्वपद पाऊं मैं अपना एकमात्र है यह उद्देश ॥

ॐ ह्री अनत गुण समन्वित श्री सिद्ध परमेष्ठिने महाअर्घ्य नि ।

जयमाला

ताटंक

ले जिन धर्म शरण मुनि बन सम्यक् पथ तुमने अपनाया।
सत्तावन प्रकार आश्रव का भाव नहीं उर मे आया ॥
सत्तावन प्रकार सवर पूर्वक निज गुण गाया तुमने ।
गुण श्रेणी निर्जरा प्राप्त कर निज स्वरूप पाया तुमने ॥
घात पाच ज्ञानावरणी दर्शनआवरणी की नौ नाश ।
मोहनीय की अट्ठाइस हर, अन्तराय की पाच विनाश ॥
घाति कर्म की ये सैंतालिस अघातिया की सोलह हर ।
श्री अरिहंत दशा प्रगटाई त्रेसठ कर्म प्रकृति क्षयकर ॥
नरक, त्रियच देव आयु हर गति तिर्यंच नरक को नाश।
नरक त्रियंच गत्यानुपूर्वी एकेन्द्रिय थावर सुविनाश ॥
द्वय त्रय चौइन्द्रिय विकलत्रय साधारण सूक्ष्म कर नष्ट।
आतप अरु उद्योग सहित सोलह अघाति की प्रकृति विनष्ट॥
फिर तेरहवे गुणस्थान मे निजानद रसलीन हुए ।
चौदहवे में आते ही प्रभु जिन अयोग केवली हुए ॥
प्रथम समय मे नाश बहात्तर अतिम मे तेरहनाशी ।
ये अघाति पिच्चासी क्षयकर हुए सिद्ध शिव अविनाशी ॥

साधु तथा श्रावक के दोनो बाह्य वेश शिव मार्ग नहीं ।
निश्चय रत्नत्रय पाए बिन मोक्षमार्ग है नही कही ॥

जा पहुंचे लोकाग्र शिखर पर सादि अनंत मोक्ष पाया ।
मै भी सिद्धस्वपद पाने को चरण शरण में प्रभु आया ॥
मै भी तुवपथ पर चलकर प्रभु वीतरागता को पाऊ ।
ध्यान अग्नि मे कर्मदग्धकर पूर्ण सिद्ध प्रभु बन जाऊ ॥
जीव विपाकी प्रकृति अठत्तर पुद्गल की बासठ सहार ।
भव विपाकी चार नाशकर क्षेत्र विपाकी नाशू चार ॥
पुण्य प्रकृतिया अडसठ है अरु एक शतक है पाप स्वरूप।
इनमे वर्णादिक की बीस प्रकृतिया होती दोनो रूप ॥
प्रकृति प्रदेश स्थिति बध अनुभाग बध का करू अभाव।
द्रव्य भाव नो कर्म रहित हो पाऊ शाश्वत शुद्ध स्वभाव॥
गुणस्थान मिथ्यात्व प्रथम मे एक शतक सत्रह का बध ।
दूजे सासादन मे होता एक शतक व एक का बध ॥
मिश्र तीसरे गुणस्थान मे प्रकृति चौहत्तर का हो बध ।
चौथे अविरत गुणस्थान मे प्रकृति सतत्तर का हो बध ॥
पचम देशविरत मे होता सडसठ कर्म प्रकृति का बध ।
गुणस्थान षष्ठम प्रमत्त मे त्रेसठ कर्म प्रकृति का बध ॥
सप्तम अप्रमत्त मे होता अडसठ कर्म प्रकृति का बध ।
अष्टम अपूर्वकरण मे हो अट्ठावन कर्म प्रकृति का बध ॥
नौ अनिवृत्तिकरण मे होता है बाईस प्रकृति का बध ।
दसवे सूक्ष्म सापराय मे सतरह कर्म प्रकृति का बध ॥
ग्यारहवे उपशात मोह मे एक प्रकृति साता का बध ।
क्षीण मोह बारहवे मे है एक प्रकृति साता का बंध ॥
है सयोग केवली त्रयोदश एक प्रकृति साता का बध ।
है अयोग केवली चतुर्दश किसी प्रकृति का कोई न बध॥

पर भावों का प्रेत भयंकर करता आया तुझको भ्रष्ट ।
मूलभूल के कारण ही तू पाता आया है भव कष्ट ॥

आत्म प्रदेशों मे जल पय सम कर्म व्याप्त हो जाते हैं ।
आबाधा स्वकाल के पीछे वही उदय में आते हैं ॥
अष्टम गुण स्थान में उपशम क्षपक श्रेणि होती प्रारंभ ।
उपशम नौ दश ग्यारह तक है नव दश बारह क्षायकरम्य॥
अविरत गुण स्थान चौथे में होता सात प्रकृति का क्षय ।
पचम षष्टम सप्तम में होता है तीन प्रकृति का क्षय ॥
नवमे गुण स्थान मे होता है छत्तीस प्रकृति का क्षय ।
दसवे गुण स्थान मे होता केवल एक प्रकृति का क्षय ॥
क्षीण मोह बारहवें मे हो सोलह कर्म प्रकृति का क्षय ।
चौदहवे मे शेष प्रकृति पिच्चासी का होता है क्षय ॥
ज्ञानावरण दर्शनावरणी वेदनीय अतराय उत्कृष्ट ।
बध तीस कोडाकोडी सागर का एक समय मे दृष्ट ॥
मोहनीय की तो यह सत्तर कोडा कोड़ी सागर की है ।
आयु कर्म की उत्कृष्ट स्थिति तो तैसीस सागर की है ॥
नाम कर्म की कोडाकोडी सागर बीस स्थिति अत्कृष्ट ।
गोत्र कर्म अरु अन्तराय की भी इतनी स्थिति उत्कृष्ट ॥
एक समय के भावो से इतनी स्थिति बध सकती है ।
थिति जघन्य अन्तमुहूर्त्त या कुछ मुहूर्त्त बध सकती है ॥
ज्ञानावरण दर्शनावरणी वेदनीय आयु अतराय।
मोहनीय की जघन्य स्थिति अन्तमुहूर्त्त की दुखदाय ॥
नाम कर्म अरु गोत्र कर्म की जघन्य स्थिति आठ मुहूर्त्त।
वेदनीय की जघन्य स्थिति है केवल बारह मुहूर्त्त ॥
ऐसा स्थिति बंध विनाशूँ निज स्वभाव साधन द्वारा ।
बधे हुए जो कर्म शेष हैं हरू निर्जरा के द्वारा ॥

मुक्ति गगन पाना है तो तू ज्ञानगगन से नाता जोड़ ।
भेद ज्ञान की शक्ति प्राप्त कर परभावों से तू मुख मोड़॥

अंत:कोडाकोडी की स्थिति हो तो समकित होता ।
स्थिति अगर अधिक हो तो फिर कभी नहीं समकित होता॥
कर्म प्रकृतिया असख्यात हैं मुख्य एक सौ अडतालीस ।
इन सबकी सत्ता विनाश कर तुम सम बन जाऊं जगदीश॥
आत्म दृष्टि बनकर हे जिनवर कर्म सृष्टि कर दू सहार।
मोक्ष सृष्टि के लिए करूं मैं अनुभव रस की वृष्टि अपार॥

ॐ ह्रीं अष्टचत्वारिंशत प्रकृति रूप अष्टकर्म दहनाय अनन्तगुण प्राप्ताय श्री सिद्ध परमेष्ठिने अर्घ्यम् नि स्वाहा ।

आशीर्वाद

दोहा

कर्म दहन पूजन करू मन वच काय सवार ।
अष्ट कर्म सब दग्धकर हो जाऊ भवपार ॥

इत्याशीर्वाद :

जाप्य मंत्र - ॐ ह्रीं अष्टकर्म दहनाय श्री सिद्ध परमेष्ठिने नमः

भजन

मैने शुद्ध आत्मा की देखी आज नगरी ।
मैने अपने निकट पायी शिव डगरी ॥
ज्ञान गु मयी ज्ञान ज्योति से भीर,
शक्तिया अनतनत इसमे खरी,
भव पथ पर रुके मेरे पगरी ॥ मैंने ॥
शुद्ध भावना की बेल हो गई हरी,
टूटी तरणी भी भवदधि से तरी,
हुआ ज्ञान का प्रकाश जगमग री ॥ मैने ॥

बाह्य आचरणमयी महाव्रत या अणुव्रत हम किसे कहें ।
बिन समकित के सभी शून्य हैं कब तक भव के कष्ट सहें॥

ॐ

पूजन क्रमांक ४

श्री कर्म दहन विधान

समुच्चय पूजन

कर्माष्टक को नष्ट कर जीव हुए जो सिद्ध ।
उन सबको वन्दन प्रथम करू विधान प्रसिद्ध ॥

छंद रोला

कर्म दहन करने का भाव ह्रदय मे जागा ।
भव तन भोगो के प्रतिराग भाव अब भागा ॥
केवल आवश्यक है मुझको ध्यान अग्नि की ।
अब न् सही जाती है पीडा कर्म अग्नि की ॥
धर्म ध्यान या शुक्ल ध्यान की ज्योति जगाऊ ।
ईधन वत ध्यानाग्नि बीच वसु कर्म जलाऊ ॥
इसीलिए तुव चरणो मे आया हू स्वामी ।
कर्म दहन पावन विधान करता हू नामी ॥

ॐ ह्री अष्ट कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठी अत्र अवतर अवतर सवौषट् ।
ॐ ह्री अष्ट कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठी अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ स्थापन ।
ॐ ह्री अष्ट कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठी अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

अष्टक

छंद विजया

त्रिविध रोग क्षय का सुअवसर मिला है ।
मनुज भव जिनागम जिनेश्वर का वन्दन ॥

पर द्रव्यों की चिन्ता ही है कर्मबंध करने वाली ।
आत्म द्रव्य की चिन्ता ही है कर्म बध हरने वाली ॥

मिला नीर सम्यक् स्वभावी निराला ।
हरूंगा सुनिश्चित मैं कर्मो के बंधन ॥
करूँ ध्यान अपना ही हे प्रभु निरतर ।
दहन कर्म आठों करूं ऐसा बल दो ॥
परम शुद्ध दो ध्यान शुद्धात्मा का ।
प्रभो शुद्ध समरस स्वभावी विमल दो ॥

ॐ ह्री अष्ट कर्म दहनाय श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जल नि ।

भवाताप नाशक स्वचदन अनूठा ।
मेरी आत्मा के ही भीतर भरा है ॥
मै हू ज्ञान दर्शन स्वभावी शिवम् मय ।
मेरा आत्मा तो अरूपी खरा है ॥
करूँ ध्यान अपना ही हे प्रभु निरतर ।
दहन कर्म आठों करू ऐसा बल दो ॥
परम शुद्ध दो ध्यान शुद्धात्मा का ।
प्रभो शुद्ध समरस स्वभावी विमल दो ॥

ॐ ह्रीं अष्ट कर्म दहनाय श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो ससारताप विनाशनाय चदन नि ।

मिले है स्वअक्षत अखडित समुज्ज्वल ।
मुझे शुद्ध भावो के अक्षत मनोहर ॥
यही तो प्रदायक हैं अक्षय स्वपद के ।
यही तो हैं सर्वोच्च मेरी धरोहर ॥
करूँ ध्यान अपना ही हे प्रभु निरंतर ।
दहन कर्म आठों करूं ऐसा बल दो ॥
परम शुद्ध दो ध्यान शुद्धात्मा का ।
प्रभो शुद्ध समरस स्वभावी विमल दो ॥

दु:खित क्लेशित परिणामों से होते पाप कर्म के बंध ।
अरु विशुद्ध परिणामों से होते हैं पुण्य कर्म के बंध ॥

ॐ ह्रीं अष्ट कर्म दहनाय श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अक्षय पद प्राप्ताय अक्षतं नि. ।

मिले काम नाशक कुसुम ज्ञानशाली ।
महाशील गुण से ये भूषित हैं सारे ॥
इन्हीं की प्रचुर गध जागी हृदय में ।
न अब शेष परिणाम दूषित हैं कारे ॥
करूॅ ध्यान अपना ही हे प्रभु निरंतर ।
दहन कर्म आठो करू ऐसा बल दो ॥
परम शुद्ध दो ध्यान शुद्धात्मा का ।
प्रभो शुद्ध समरस स्वभावी विमल दो ॥

ॐ ह्री अष्ट कर्म दहनाय श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो कामबाण विनाशनाय पुष्प नि ।

क्षुधा ज्वाल से मैं झुलसता रहा हूॅ ।
क्षुधा व्याधि नाशक सुचरु अब मिले है ॥
परम तृप्ति दायक स्वभावी सुगुण अब ।
जिनेश्वर कृपा से हृदय मे झिले हैं ॥
करूॅ ध्यान अपना ही हे प्रभु निरतर ।
दहन कर्म आठो करू ऐसा बल दो ॥
परम शुद्ध दो ध्यान शुद्धात्मा का ।
प्रभो शुद्ध समरस स्वभावी विमल दो ॥

ॐ ह्रीं अष्ट कर्म दहनाय श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्य नि ।

मिला ज्ञान दीपक महामोहतम हर ।
मिटा सर्व सशय नि शकित हुआ हू ॥
मिलेगी मुझे ज्ञान कैवल्य निधि अब ।
सदा को ही निश्चित्त अब मै हुआ हूॅ ॥
करूँ ध्यान अपना ही हे प्रभु निरंतर ।
दहन कर्म आठों करू ऐसा बल दो ॥

प्रामाणिक बनकर विशुद्ध भावों से करो जगत का काम।
किन्तु न पल भर कभी भूलना अपना शाश्वत निज ध्रुवधाम ॥

परम शुद्ध दो ध्यान शुद्धात्मा का ।
प्रभो शुद्ध समरस स्वभावी विमल दो ॥

ॐ ह्रीं अष्ट कर्म दहनाय श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं नि ।

मिला है सुअवसर परम ध्यान का अब ।
जलाऊंगा कर्मो का मैं काष्ठ सारा ॥
नहीं कोई रह पाएगा कर्म शुभ भी ।
यही शुद्ध निश्चय हृदय में है धारा ॥
करूँ ध्यान अपना ही हे प्रभु निरंतर ।
दहन कर्म आठों करूं ऐसा बल दो ॥
परम शुद्ध दो ध्यान शुद्धात्मा का ।
प्रभो शुद्ध समरस स्वभावी विमल दो ॥

ॐ ह्री अष्ट कर्म दहनाय श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अष्टकर्म विनाशनाय धूपं नि ।

परम शुद्ध भावों का फल पाऊंगा मैं ।
महामोक्ष तरु फल मिलेगा स्वयं ही ॥
मुझे मुक्ति रमणी वरण झट करेगी ।
मिलेगा स्वपद शाश्वत ध्रुव स्वयं ही ॥
करूँ ध्यान अपना ही हे प्रभु निरतर ।
दहन कर्म आठों करू ऐसा बल दो ॥
परम शुद्ध दो ध्यान शुद्धात्मा का ।
प्रभो शुद्ध समरस स्वभावी विमल दो ॥

ॐ ह्री अष्ट कर्म दहनाय श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्य मोक्षफल प्राप्ताय फलं नि ।

बनाऊ गुणों के सहज अर्घ्य उत्तम ।
नही कोई बाधक बनेगा कभी भी ॥
मिलेगी स्वपदवी अनर्घ्य निराली ।
न लौटूंगा संसार मैं अब कभी भी ॥

इस युग में तो स्वाध्याय ही श्रेष्ठ परम तप कहलाता ।
क्रियाकान्ड का भार व्यर्थ जो परभावो में बहलाता ॥

प्रभो घातिया क्षीण पहिले करूंगा ।
स्व पुरुषार्थ से मोह का नाश करके ॥
करूंगा अघाति को निष्प्राण पल में ।
निजानंद पाऊंगा निज ध्यान धर के ॥
करूँ ध्यान अपना ही हे प्रभु निरंतर ।
दहन कर्म आठो करूं ऐसा बल दो ॥
परम शुद्ध दो ध्यान शुद्धात्मा का ।
प्रभो शुद्ध समरस स्वभावी विमल दो ॥

ॐ ह्री अष्ट कर्म दहनाय श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घ्यं नि ।

महाअर्घ्य

वीरछंद

ज्ञानावरण कर्म के क्षय से होता ज्ञान अनत महान ।
कर्म दर्शनावरण नाश हो तो अनंत दर्शन गतिवान ॥
वेदनीय के अभाव से अव्याबाधी सुख मिले प्रधान ।
मोहनीय के अभाव से होता सम्यक्त्व स्वमहिमावान ॥
आयु कर्म के अभाव से हो अवगाहन गुण श्रेष्ठ महान ।
नाम कर्म के अभाव से हो सूक्ष्मत्व गुण श्रेष्ठ प्रधान ॥
गोत्र कर्म के अभाव से हो अगुरुलघुत्व स्वगुण गतिमान।
अतराय के अभाव से हो वीर्य अनंत महाबलवान ॥
अष्टकर्म के अभाव से ही मिलती सिद्ध स्वपद की शान।
नित्य निरजन निज पद मिलता मिल जाता शाश्वत निर्वाण ॥

दोहा

महाअर्घ्य अर्पण करू पाऊ सम्यक् ज्ञान ।
निज चारित्र प्रकाश कर पाऊ पद निर्वाण ॥

दृश्य जगत में जो पदार्थ हैं सारे ही संयोगाधीन ।
उनका भी वियोग होता है जो रहते तेरे आधीन ॥

ॐ ह्रीं अष्टकर्म दहनाय श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यों महाअर्घ्यं नि '।

जयमाला

छंद मानव

भव सागर जल खारा है अब तक न कभी भी जाना ।
अनुभव रस जल मीठा है पीकर मैंने पहचाना ॥
भव सागर पूर्ण सुखाऊं ऐसा ही कुछ करना है ।
चारों गतियों के कष्टो को हे प्रभु अब हरना है ॥
समता ही परम सहेली मेरे वैराग्य भाव की ।
महिमा मुझको भायी अब अपने ही निज स्वभाव की ॥
शिवपथ पर अब आने में मुझको सकोच नहीं है ।
मैंने शिवपथ पाया है भीतर कुछ मोच नही है ॥
मै ज्ञानशरीरी चेतन दर्शन स्वरूप अपना है ।
अब तो ससार पुराना हो चला पूर्ण सपना है ॥
अब अष्टकर्म जय करने का ही उपाय करना है ।
भव भाव घोर दुख कारण अपने बल से हरना है ॥

ॐ ह्री अष्ट कर्म दहनाय श्री सिद्ध परमेष्ठिभ्यों जयमाला पूर्णार्घ्यं नि ।

आशीर्वाद

दोहा

अष्टकर्म प्रभु क्षय करूँ पाऊ पद निर्वाण ।
अपने ही बल से करूं मुक्ति भवन निर्माण ॥

इत्याशीर्वाद :

अब अनादि मिथ्यात्व भाव को निर्मम होकर नष्ट करो।
कर्मो की श्रृंखला तोड़कर भव सागर के कष्ट हरो ॥

ॐ

पूजन क्रमांक ५

ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहंत देव पूजन

स्थापना

दोहा

ज्ञानावरणी कर्म के नाशक श्री अरहत ।
केवलज्ञान महान के धारक श्री भगवत ॥
ज्ञानावरण विनाश कर पाऊं केवल ज्ञान ।
विनय सहित पूजन करूं करूं आत्म कल्याण ॥

ॐ ह्रीं ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहंत परमेष्ठी अत्र अवतर अवतर सवौषद् ।
ॐ ह्रीं ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहंत परमेष्ठी अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ स्थापन।
ॐ ह्री ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहंत परमेष्ठी अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

अष्टक

छंद सार (जोहीरास)

जन्म जरा मृत्यु क्षय करने को नाथ शरण में आया ।
ज्ञान अनतानंत प्राप्ति का दृढ निश्चय उर भाया ॥
ज्ञानावरणी कर्म विनाशक अरहंतो को वन्दन ।
पाच प्रकृतियों के क्षय कर्त्ता ज्ञान सूर्य अभिनन्दन ॥

ॐ ह्रीं ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठी जिनेभ्यो जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जल नि. ।

भवाताप ज्वर की पीडा से कष्ट अनत उठाया ।
भवज्वरनाशक शीतल चदन भावमयी मैं लाया ॥
ज्ञानावरणी कर्म विनाशक अरहंतों को वन्दन ।
पांच प्रकृतियों के क्षय कर्त्ता ज्ञान सूर्य अभिनन्दन ॥

अनुभव रस की निर्मल गंगा की धारा आई है पास ।
तज विभाव के दुख समुद्र को जिसपर है झूठा विश्वास॥

ॐ ह्रीं ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहंत परमेष्ठी जिनेभ्यो संसारताप विनाशनाय चंदन नि. ।

अक्षत जीवन क्षत है मेरा अक्षय पद कब पाऊ ।
भव सागर से तर जाने को अक्षत शालि चढ़ाऊं ॥
ज्ञानावरणी कर्म विनाशक अरहंतों को वन्दन ।
पांच प्रकृतियों के क्षय कर्त्ता ज्ञान सूर्य अभिनन्दन ॥

ॐ ह्रीं ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठी जिनेभ्यो अक्षय पद प्राप्ताय अक्षतं नि ।

कामबाण की पीडा नाशूं पुष्प मनोज्ञ चढ़ाऊँ ।
अविकारी भावों को पाकर महाशील गुण पाऊ ॥
ज्ञानावरणी कर्म विनाशक अरहंतों को वन्दन ।
पांच प्रकृतियों के क्षय कर्त्ता ज्ञान सूर्य अभिनन्दन ॥

ॐ ह्री ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठी जिनेभ्यो कामबाण विनाशनाय पुष्प नि ।

क्षुधारोग विध्वस हेतु मैं शुभ नैवेद्य चढाऊ ।
मै तो नाथ अनाहारी हूँ अनुपम पद प्रगटाऊ ॥
ज्ञानावरणी कर्म विनाशक अरहंतों को वन्दन ।
पांच प्रकृतियो के क्षय कर्त्ता ज्ञान सूर्य अभिनन्दन ॥

ॐ ह्री ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहंत परमेष्ठी जिनेभ्यो क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्य नि ।

महामोहतम ध्वस करूँ मैं दीप ज्ञान के लाऊ ।
युगपत लोकालोक सुझलके केवल ज्ञान उपाऊ ॥
ज्ञानावरणी कर्म विनाशक अरहंतों को वन्दन ।
पांच प्रकृतियों के क्षय कर्त्ता ज्ञान सूर्य अभिनन्दन ॥

मोक्ष पंथ को करो ग्रहण फिर पाप पंक में मत आना ।
पुण्य पंथ में भी न अटकना आगे ही बढते जाना ॥

ॐ ह्रीं ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहंत परमेष्ठी जिनेभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीप नि ।

अष्टकर्म विध्वसक पावन धूप ध्यान मय लाऊं ।
गुण अनंत प्रगटाने को पद नित्य निरंजन पाऊं ॥
ज्ञानावरणी कर्म विनाशक अरहतों को वन्दन ।
पाच प्रकृतियो के क्षय कर्त्ता ज्ञान सूर्य अभिनन्दन ॥

ॐ ह्री ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठी जिनेभ्यो अष्टकर्म विनाशनाय धूपं नि ।

महामोक्ष फल पाने का ही निश्चय उर में लाऊ ।
यह संसार अभाव करू मै महामोक्ष फल पाऊ ॥
ज्ञानावरणी कर्म विनाशक अरहंतों को वन्दन ।
पाच प्रकृतियो के क्षय कर्त्ता ज्ञान सूर्य अभिनन्दन ॥

ॐ ह्रीं ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठी जिनेभ्यो मोक्षफल प्राप्ताय फल नि ।

नाथ अनर्घ्य स्वपद प्रगटाऊ यही भाव उर लाऊं ।
भव अटवी को ध्वस करूँ मै अर्घ्य अपूर्व बनाऊ ॥
ज्ञानावरणी कर्म विनाशक अरहंतों को वन्दन ।
पांच प्रकृतियो के क्षय कर्त्ता ज्ञान सूर्य अभिनन्दन ॥

ॐ ह्री ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठी जिनेभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घ्य नि ।

अर्घ्यावलि

चन्द्रायण

(१)

१ ॐ ह्री मतिज्ञानावरणकर्मरहितानंतज्ञानस्वरूपाय नम ।

ज्ञानानंदोऽहम् ।

इच्छारूपी अग्नि दाह से मूर्छित मन को त्वरित सभाल।
आत्म ज्ञान रूपी परमामृत जल से सिंचित कर तत्काल॥

छंद चन्द्रायण

मति ज्ञानावरणी बाधक मतिज्ञान में ।
मति ज्ञानावरणी नाशूंगा ध्यान मे ॥
ज्ञानावरणी पांच प्रकृतिया क्षय करू ।
ज्ञानावरणी कर्म आज मै जय करूं ॥१॥

ॐ ह्री ज्ञानावरणी विनाशनाय श्री अरहत देवाय अर्घ्य नि ।

(२)

२ ॐ ह्री श्रुतज्ञानावरणकर्मरहितानतज्ञानस्वरूपाय नम ।

अवबोधसौधस्वरूपोऽहम् ।

श्रुत ज्ञानावरणी बाधक श्रुत ज्ञान मे ।
श्रुत ज्ञानावरणी नाशूंगा ध्यान मे ॥
ज्ञानावरणी पाच प्रकृतिया क्षय करू ।
ज्ञानावरणी कर्म आज मै जय करू ॥२॥

ॐ ह्री ज्ञानावरणी विनाशनाय श्री अरहत देवाय अर्घ्य नि ।

(३)

३ ॐ ह्री अवधिज्ञानावरणकर्मरहितानतज्ञानस्वरूपाय नम ।

ज्ञानमंदिरोऽहम् ।

अवधि ज्ञान आवरण जुबाधक ज्ञान मे ।
अवधि ज्ञान आवरण विनाशू ध्यान मे ॥
ज्ञानावरणी पांच प्रकृतियां क्षय करू ।
ज्ञानावरणी कर्म आज मै जय करू ॥३॥

ॐ ह्रीं ज्ञानावरणी विनाशनाय श्री अरहत देवाय अर्घ्य नि ।

(४)

४ ॐ ह्री मन पर्ययज्ञानावरणकर्मरहितानतज्ञानस्वरूपाय नम ।

ज्ञानार्णवोऽहम् ।

ध्यान अग्नि में अष्ट कर्म रूपी कलंक को कर दे नष्ट।
सहज सिद्ध सुख का भोक्ता बन होगा फिर न कभी भव कष्ट॥

मन पर्यय आवरण प्रकृति बाधक सदा ।
इसका क्षय कर पाऊं ज्ञान महा सदा ॥
ज्ञानावरणी पांच प्रकृतियां क्षय करूं ।
ज्ञानावरणी कर्म आज मैं जय करूं ॥४॥

ॐ ह्री ज्ञानावरणी विनाशनाय श्री अरहत देवाय अर्घ्य नि ।

(५)

५ ॐ ह्रीं केवलज्ञानावरणकर्मरहितानंतज्ञानस्वरूपाय नम ।

विज्ञानघनस्वरूपोऽहम् ।

केवल ज्ञानावरण ज्ञान बाधक महा ।
इसे नाश दूं पाऊं केवल रवि महा ॥
ज्ञानावरणी पांच प्रकृतियां क्षय करू ।
ज्ञानावरणी कर्म आज मैं जय करूं ॥५॥

ॐ ह्रीं ज्ञानावरणी विनाशनाय श्री अरहंत देवाय अर्घ्य नि ।

दोहा

पाचो प्रकृति विनाश कर पाऊ केवल ज्ञान ।
स्वपर प्रकाशक ज्ञान पा पाऊ स्वपद महान ॥

पुष्पांजलि

महाअर्घ्य

छंद ताटंक

ज्ञान समुच्चय महिमा हो तो ज्ञान ह्रदय मे लहराता ।
ज्ञान भावना पूर्वक चेतन स्याद्वाद ध्वज फहराता ॥
ज्ञान भाव बिन भव दुख तरु की छाया मे पलता आया।
कभी न सम्यक् दर्शन पाया अत न निज को सुलझाता॥
जिसने सम्यक् ज्ञान शक्ति का किया अवतरण अतर मे।
वही आत्मा निज पुरुषार्थ शक्ति से सिद्ध स्वपद पाता ॥

तू अनादि से करता आया है परिणमन सदैव अशुद्ध ।
द्रव्य दृष्टि से तो तेरा स्वभाव है पूर्ण बुद्ध ध्रुव शुद्ध ॥

पाखंडों के भवन गिराने का उपाय करता है ज्ञान ।
रूढिवाद के पर्वत ढाने का उपाय भी यह पाता ॥
क्रिया कान्ड के आडबर से दूर त्वरित हो जाता है ।
मुक्ति प्राप्ति का सतत यत्न भी यह निज अतंर में लाता॥
मोक्ष मार्ग पर चलने का उद्यम पवित्र करता है ज्ञान ।
अष्टकर्म को जय करता है पूर्णानद सौख्य पाता ॥
ज्ञानावरणी कर्म नाश करने में है पूरा सक्षम ।
यही ज्ञान कैवल्य ज्ञान युत मोक्ष सौख्य उर में लाता ॥

दोहा

महाअर्घ्य अर्पण करू करूं आत्म कल्याण ।
ज्ञानावरणी नाश कर पाऊं केवल ज्ञान ॥

ॐ ह्री ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठि जिनेभ्यो महाअर्घ्यँ नि ।

जयमाला

छंद गीतिका

ज्ञान की जब भावना हो मनुज मिथ्या भाव हर ।
त्वरित ही सन्मार्ग पाता रुचि जगाता मनोहर ॥
असयम की भावना भी कुचल देता ज्ञान से ।
प्रमादो को नष्ट करता सावधान स्वध्यान से ॥
फिर कषाये नष्ट करता प्राप्त करता यथाख्यात ।
प्रगट कर सर्वज्ञ निज पद ज्ञान का पाता प्रभात ॥
योग क्षय का सतत उद्यम स्वत होता है अपूर्व ।
योग क्षय कर सिद्ध होता स्वपद होता ध्रुव अपूर्व ॥
सादि नतानत कालों स्वय में करता निवास ।
बिलसता है मोक्ष सुख को स्वय की पाता सुवास ॥

हे आत्मन् तू पर में भूला अपना शुद्ध स्वभाव प्रशस्त ।
परभावों का मोह गरल पी बना स्वयं ही पूर्ण अशक्त ॥

अभी जिनपथ को सुसम्यक् प्राप्त करना चाहिए ।
ज्ञान भावी भावना उर व्याप्त करना चाहिए ॥
आत्म सुख की भावना से ओतप्रोत हृदय हुआ ।
भावना भवनाशिनी का प्राप्त आज समय हुआ ॥
मोह भ्रम से रहित होकर शुद्ध जीवन जियूगा ।
शुद्ध अनुभव रस सहित निज ज्ञान रस ही पियूगा ॥
ज्ञान गुण सम्पन्न होकर रहूंगा आलोक में ।
शुद्ध बुद्ध प्रबुद्ध होकर बहूगा निज लोक में ॥
ज्ञान का आवरण क्षय कर पाऊगा कैवल्य ज्ञान ।
कर्म दहन विधान करके बनूगा सबसे महान ॥

ॐ ह्रीं ज्ञानावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठिने जयमाला पूर्णार्घ्यं नि ।

आशीर्वाद

दोहा

ज्ञानावरण विनाश से मिले स्वपद निर्वाण ।
अपने ही बल से करूँ मुक्ति भवन निर्माण ॥

इत्याशीर्वाद :

भजन

राजा मेरे ज्ञान का प्रकाश तो करो ।
भवपीर प्रभु मेरी नाश तो करो ॥
शुद्ध आत्मा से जरा बात तो करो ।
मोह रात नाश कर प्रभात तो करो ॥
सारे परभाव का विनाश तो करो ॥ राज ॥
पर्याय दृष्टि छोडो देखो निज ओर।
द्रव्यदृष्टि बन पाओ समकित भोर ॥
अपने स्वरूप का विकास तो करो ॥ राजा ॥

परम अतीन्द्रिय सुख पाने की बेला बीत रही क्षण क्षण।
इस बेला का हाथ पकड़ ले कर प्रसन्न मन का कण कण॥

ॐ

पूजन क्रमांक ६

दर्शनावरणी कर्म विनाशक श्री अरहंत पूजन

स्थापना

रोला

श्री अरहंत देव को सादर सविनय वन्दूं ।
दर्शना आवरणी के नाशक को अभिनन्दू ॥
ज्ञान भावना भाऊं अपना ज्ञान जगाऊं ।
केवल दर्शन के बाधक भव भाव भगाऊं ॥

दोहा

भाव सहित पूजन करू करू आत्म कल्याण ।
केवल दर्शन प्राप्त कर दृष्टा बनू महान ॥

ॐ ह्रीं दर्शनावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठी अत्र अवतर अवतर सवौषट्।
ॐ ह्री दर्शनावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठी अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ स्थापनं।
ॐ ह्री दर्शनावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठी अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

अष्टक

छंद राधिका

जन्मादि रोग त्रय नष्ट करू हे स्वामी ।
क्षीरोदधि जल लाया हूँ अन्तर्यामी ॥
अरहत देव दर्शन अनंत गुणधारी ।
नौ प्रकृति दर्शनावरणी के क्षय कारी ॥

ॐ ह्री दर्शनावरणी कर्म विनाशनाय श्री अरहंत परमेष्ठिभ्यो जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जल नि ।

एकबार तो शीष झुकाकर निज स्वरूप देखो अनमोल ।
साक्षात संपूर्ण परम परमात्म तत्त्व ध्रुवरूप अडोल ॥

संसार ताप क्षय करने को मैं आया ।
उत्तम मलयागिर चंदन शीतल लाया ॥
अरहंत देव दर्शन अनंत गुणधारी ।
नौ प्रकृति दर्शनावरणी के क्षय कारी ॥

ॐ ह्रीं दर्शनावरणी कर्म विनाशनाय श्री अरहंत परमेष्ठिभ्यो संसारताप विनाशनाय चंदनं नि. ।

अक्षय पद पाने का विवेक उर भाया ।
मैं शालि अखंडित उज्ज्वल चिन्मय लाया ॥
अरहंत देव दर्शन अनंत गुणधारी ।
नौ प्रकृति दर्शनावरणी के क्षय कारी ॥

ॐ ह्रीं दर्शनावरणी कर्म विनाशनाय श्री अरहत परमेष्ठिभ्यो अक्षय पद प्राप्ताय अक्षत नि ।

मैं कामबाण नाशक गुण पुष्प सजाऊँ ।
मै महाशील गुण ज्ञान स्वभावी लाऊ ॥
अरहंत देव दर्शन अनंत गुणधारी ।
नौ प्रकृति दर्शनावरणी के क्षय कारी ॥

ॐ ह्रीं दर्शनावरणी कर्म विनाशनाय श्री अरहंत परमेष्ठिभ्यो कामबाण विनाशनाय पुष्प नि. ।

चिर क्षुधा रोग विध्वंस करूं चरु लाऊ ।
पद शीघ्र अनाहारी अपना प्रगटाऊं ॥
अरहंत देव दर्शन अनंत गुणधारी ।
नौ प्रकृति दर्शनावरणी के क्षय कारी ॥

ॐ ह्रीं दर्शनावरणी कर्म विनाशनाय श्री अरहंत परमेष्ठिभ्यो क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं नि ।

एक अकेला है निजात्मा जन्म मरणसे रहित पदार्थ ।
शान्त स्वरूप सर्व रागादिक भावों से विरहित सत्यार्थ ॥

ध्रुव ज्ञान दीप केवल प्रकाश मयलाऊं ।
मोहान्धकार क्षय करके निज पद पाऊं ॥
अरहंत देव दर्शन अनंत गुणधारी ।
नौ प्रकृति दर्शनावरणी के क्षय कारी ॥

ॐ ह्री दर्शनावरणी कर्म विनाशनाय श्री अरहंत परमेष्ठिभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं नि. ।

मै शुक्ल ध्यान की धूप चढ़ाऊं स्वामी ।
वसु कर्म नाशकर शिव पद पाऊँ नामी ॥
अरहत देव दर्शन अनंत गुणधारी ।
नौ प्रकृति दर्शनावरणी के क्षय कारी ॥

ॐ ह्रीं दर्शनावरणी कर्म विनाशनाय श्री अरहंत परमेष्ठिभ्यो अष्टकर्म विनाशनाय धूपं नि ।

निज आत्म ध्यान कर महामोक्ष फल पाऊँ ।
फल शुक्ल ध्यान का उर अविलंब सजाऊं ॥
अरहंत देव दर्शन अनंत गुणधारी ।
नौ प्रकृति दर्शनावरणी के क्षय कारी ॥

ॐ ह्री दर्शनावरणी कर्म विनाशनाय श्री अरहत परमेष्ठिभ्यो मोक्षफल प्राप्ताय फल नि ।

पदवी अनर्घ्य पाने प्रभु निज को ध्याऊ ।
निज गुण के अर्घ्य बनाऊ शिव सुख पाऊ ॥
अरहत देव दर्शन अनत गुणधारी ।
नौ प्रकृति दर्शनावरणी के क्षय कारी ॥

ॐ ह्रीं दर्शनावरणी कर्म विनाशनाय श्री अरहत परमेष्ठिभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घ्यं नि ।

पुद्‌गल का कर्त्ता पुद्‌गल है चेतन का कर्त्ता चेतन ।
अकर्तृत्व की शक्ति अनूठी हरती कर्मो के बंधन ॥

अर्घ्यावलि

दोहा

दर्शन आवरणी प्रकृति नौ को लूं पहचान ।
दर्शन गुण की प्राप्ति हित करूं शीघ्र अवसान ॥

(१)

१. ॐ ह्री चक्षुदर्शनावरणकर्मरहितानंतदर्शनस्वरूपाय नम ।

चिन्नयनस्वरूपोऽहम् ।

चक्षु दर्शनावरणी विनाशूं सम्यक् दृष्टा हो जाऊ ।
भेद दर्शनावरणी के नौ पूर्णतया प्रभु विघटाऊ ॥१॥

ॐ ह्रीं चक्षु दर्शनावरणी कर्म विनाशक श्री अरहंत देवाय अर्घ्य नि ।

(२)

२ ॐ ह्री अचक्षुदर्शनावरणकर्मरहितानतदर्शनस्वरूपाय नम ।

बोधचक्षुस्वरूपोऽहम् ।

अचक्षु दर्शनावरण विनाशू सम्यक् दृष्टा हो जाऊ ।
भेद दर्शनावरणी के नौ पूर्णतया प्रभु विघटाऊ ॥२॥

ॐ ह्री अचक्षु दर्शनावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत देवाय अर्घ्य नि ।

(३)

३ ॐ ह्री अवधिदर्शनावरणकर्मरहितानतदर्शनस्वरूपाय नम ।

आनंदनेत्रज्ञोऽहम् ।

अवधि दर्शनावरण विनाशू सम्यक् दृष्टा हो जाऊ ।
भेद दर्शनावरणी के नौ पूर्णतया प्रभु विघटाऊ ॥३॥

ॐ ह्रीं अवधि दर्शनावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत देवाय अर्घ्य नि ।

(४)

४ ॐ ह्री केवलदर्शनावरणकर्मरहितानतदर्शनस्वरूपाय नम ।

आनंदघनस्वरूपोऽहम् ।

अनुभव गोचर मात्र आत्मा सुख स्वभाव का स्वामी है।
सर्वज्ञों सम स्वपर प्रकाशक गुण अनंत का धामी है ॥

केवल दर्शन का आवरण मिटा निज दृष्टा हो जाऊं ।
भेद दर्शनावरणी के नौ पूर्णतया प्रभु विघटाऊं ॥४॥

ॐ ह्रीं केवल दर्शनावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत देवाय अर्घ्य नि. ।

(५)

५. ॐ ह्रीं निद्राकर्मरहितानतदर्शनस्वरूपाय नम ।

ब्रह्मनेत्रोऽहम् ।

दर्शन आवरणी की निद्रा प्रकृति विनाशूं सुख पाऊं ।
भेद दर्शनावरणी के नौ पूर्णतया प्रभु विघटाऊं ॥५॥

ॐ ह्रीं निद्रा प्रकृति विनाशक श्री अरहंत देवाय अर्घ्य नि ।

(६)

६ ॐ ह्रीं निद्रानिद्रादर्शनावरणकर्मरहितानंतदर्शनस्वरूपाय नम ।

सहजावबोधस्वरूपोऽहम् ।

निद्रानिद्रा प्रकृति विनाशूँ जाग्रत दृष्टा हो जाऊं ।
भेद दर्शनावरणी के नौ पूर्णतया प्रभु विघटाऊ ॥६॥

ॐ ह्री निद्रा निद्रा प्रकृति विनाशक श्री अरहत देवाय अर्घ्य नि ।

(७)

७ ॐ ह्री प्रचलाकर्मरहितानंतदर्शनस्वरूपाय नम ।

शिवनेत्रोऽहम् ।

दर्शन आवरणी की प्रचला प्रकृति विनाशूँ निज बल से॥
भेद दर्शनावरणी के नौ नाशूँ शुद्ध आत्म बल से ॥७॥

ॐ ह्रीं प्रचला प्रकृति विनाशक श्री अरहंत देवाय अर्घ्य नि ।

(८)

८. ॐ ह्रीं प्रचलाप्रचलादर्शनावरणकर्मरहितानंतदर्शनस्वरूपाय नम ।

ज्ञाननेत्रोऽहम् ।

नय के जगल में मत भटको नयातीत हो चले चलो ।
एक आत्मा के आश्रित हो परभावों को दले चलो ॥

प्रचला प्रचला प्रकृति विनाशू पूर्ण जाग्रत रहूं सदा ।
भेद दर्शनावरणी के नौ नाशूं बनूं आत्म दृष्टा ॥८॥

ॐ ह्रीं प्रचला प्रचला प्रवृत्ति विनाशक श्री अरहत देवया अर्घ्यं नि ।

(९)

९. ॐ ह्री स्त्यानगृद्धिदर्शनावरणकर्मरहितानतदर्शनस्वरूपाय नम. ।

सहजचित्स्वरूपोऽहम् ।

दर्शन आवरणी की प्रकृति स्त्यानगृद्धि पूरी नाशूं ।
भेद दर्शनावरणी के नौ नाशू निज बल प्रकाशूं ॥९॥

ॐ ह्री स्त्यानगृद्धि प्रकृति विनाशक श्री अरहंत देवाय अर्घ्यं नि ।

वीरछंद

छद्मस्थो को पहिले दर्शन होता फिर होता है ज्ञान ।
किन्तु केवली प्रभु को होता युगपत ही दर्शन अरु ज्ञान॥
ज्ञानावरणी सदा ज्ञान गुण का बाधक है पहचानो ।
दर्शन आवरणी दर्शन गुण का बाधक है यह जानो ॥
ज्ञानावरणी दर्शन आवरणी का क्षय एक संग होता ।
अत. केवली को दर्शन अरु ज्ञान सदा युगपत होता ॥
क्योकि मन पर्यय सुज्ञान मति ज्ञान पूर्वक ही होता ।
अत मन पर्यय दर्शन आवरण कर्म भी ना होता ॥

पुष्पांजलि क्षिपामि

महाअर्घ्य

छंद मानव

अपना पुरुषार्थ जगाकर विधि पूर्वक शिव पथ पाऊ ।
रत्नत्रय की निधिया पा हे प्रभु पडित हो जाऊ ॥
रागादि विकारी भावो का नाम न रहने दू अब ।
अनुभव रस वर्षा रिमझिम हे प्रभु सदैव ही पाऊ ॥

सर्व विशुद्ध ज्ञान के भीतर जब प्रवेश हो जाता है ।
इसी युक्ति से साक्षात्त निज मुक्ति स्वपद मिल जाता है ॥

गुण नक्षत्रों तारों सम अन्तर्नभ चमके मेरा ।
कैवल्य ज्ञान रवि पाकर महिमामय ध्रुव द्युति पाऊं ॥
सिद्धत्व स्वगुण की आभा मेरे मस्तक पर दमके ।
त्रैलोक्य शिखर के ऊपर शाश्वत निज वैभव पाऊं ॥
दर्शन आवरणी क्षय कर दर्शन गुण निज प्रगटाऊं ।
संसार भाव सारा ही हे प्रभु अब तो विघटाऊं ॥

दोहा

महाअर्घ्य अर्पण करूं पाऊं स्वगुणमहान ।
क्षय दर्शन आवरण कर करूं आत्म कल्याण ॥

ॐ ह्रीं दर्शनावरणी विनाशनाय श्री अरहंत देवाय महाअर्घ्य नि. ।

जयमाला

गीतिका

आत्म दर्शन के बिना गुण दर्शनीय न मिलेगा ।
विमल ज्ञाता विमल दृष्टा स्वगुण पुष्प न खिलेगा ॥
आत्म शक्ति अचिन्त्य महिमावत को मेरा प्रणाम ।
प्रगट जो कर चुके उन भगवत को मेरा प्रणाम ॥
चिदानंद चिदेश का साम्राज्य है अचलित अटल ।
है अगोचर ज्ञान गोचर स्वय में रहता अचल ॥
आत्मा ही तीर्थ है शुद्धात्मा जयवत है ।
यही तो परमात्मा है यही तो भगवत है ॥
सुख स्वरूपी आत्म सागर मे उतरना चाहिए ।
आत्म भुजबल से भवोदधि शीघ्र तरना चाहिए ॥
ज्ञान पाने की कला जिनशास्त्र से मिल जाएगी ।
शान्ति पाने की कला जिन शास्त्र से झिल जाएगा ॥

निःशकित हो निर्णय कर ले तू ही शुद्ध बुद्ध ध्रुव है ।
व्यय उत्पाद रहित स्वद्रव्य है त्रैकालिक निज अनुभव है॥

आत्म की अनुभूति विधि जिन शास्त्र में मिल जाएगी ।
अनुभूति निज की शान्ति प्रद इनमें न मिलने पाएगी ॥
स्वानुभव से प्राप्त होती है सहज अनुभूति निज ।
दृष्ट होतीस्वगुण दर्शन से सहज अनुभूति निज ॥
दर्शनावरणी बिना क्षय के न होता आत्म सुख ।
रहेगा भव जाल मे ही पाएगा ससार दुख ॥
अत अपनी आत्मा का विनय से दर्शन करें ।
प्राप्त कर सम्यक्त्व वैभव सदा ही वन्दन करें ॥

ॐ ह्री दर्शनावरणी कर्म विनाशक श्री अरहत देवाय जयमाला पूर्णार्घ्यं नि. ।

आशीर्वाद :

दोहा

क्षय दर्शन आवरण कर पाऊ पद निर्माण ।
अपने ही बल से करू मुक्ति भवन निर्माण ॥

इत्याशीर्वादः

गीत

शुद्ध आत्मा से जरा बात करा दो ।
मिथ्या भ्रम भूतके पिशाच हरा दो ॥
शुद्ध आत्मा के तेवरो को लू सभाल
बहिरात्मा को दू मै घर से निकाल,
अंतरात्मा को मेरी जरा जगा दो ॥ शुद्ध ॥
परमात्मा बनूगा कुछ क्षण मे
बध सारे नाशूगा मै कुछ दिन में ।
जितने विभाव हैं उन्हें तो भगा दो ॥ शुद्ध ॥

कोई कभी नहीं मरता है नही किसी का होता नाश ।
निज अस्तित्व स्वगुण के बल से तू है अजर अमर अविनाश॥

ॐ

पूजन क्रमांक ७

वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध पूजन

स्थापना

दोहा

वेदनीय का नाशकर हुए सिद्ध भगवान ।
बार बार वन्दन करूँ पाऊं पद निर्वाण ॥
भाव सहित पूजन करूं वन्दूं बारंबार ।
वेदयनीय दुख नष्ट कर पहुचूं भव के पार ॥

ॐ ह्री वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठी अत्र अवतर अवतर सवौषट् ।
ॐ ह्री वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठी अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ स्थापन ।
ॐ ह्री वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठी अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

अष्टक

ताटंक

जन्म जरादिक रोग विनाशक सम्यक् जल प्रभु लाया हूँ।
वेदनीय दो प्रकृति नाश हित प्रभु चरणों मे आया हूं ॥
वेदनीय के नाशक सिद्धों को सादर वन्दन मेरा ।
अव्याबाधी सुख गुण पाऊ नाश करू भव का फेरा ॥

ॐ ह्रीं वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठिभयो जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जल नि. ।

भवाताप नाशक समकित चदन हे प्रभु मै लाया हूं ।
वेदनीय दो प्रकृति नाश हित प्रभु चरणो में आया हू ॥
वेदनीय के नाशक सिद्धों को सादर वन्दन मेरा ।
अव्याबाधी सुख गुण पाऊं नाश करूं भव का फेरा ॥

तू चलते फिरते मुरदे के संग व्यर्थ में भटक रहा ।
इसमें ही मूर्छित होकर तू जिय अनादि से अटक रहा ॥

ॐ ह्रीं वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठिभयो संसारताप विनाशनाय चंदनं नि.।

अक्षय पद पाने को हे प्रभु सम्यक् अक्षत लाया हूँ ।
वेदनीय दो प्रकृति नाश हित प्रभु चरणो में आया हूं ॥
वेदनीय के नाशक सिद्धों को सादर वन्दन मेरा ।
अव्यावाधी सुख गुण पाऊ नाश करू भव का फेरा ॥

ॐ ह्रीं वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठिभयो अक्षय पद प्राप्ताय अक्षत नि. ।

कामबाण की पीड़ा क्षय हित पुष्प शील मय लाया हूँ ।
वेदनीय दो प्रकृति नाश हित प्रभु चरणो में आया हूं ॥
वेदनीय के नाशक सिद्धों को सादर वन्दन मेरा ।
अव्यावाधी सुख गुण पाऊं नाश करूं भव का फेरा ॥

ॐ ह्रीं वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठिभयो कामबाण विनाशनाय पुष्प नि ।

क्षुधारोग विध्वसक हे प्रभु सम्यक् चरु मैं लाया हूँ ।
वेदनीय दो प्रकृति नाश हित प्रभु चरणों मे आया हूं ॥
वेदनीय के नाशक सिद्धों को सादर वन्दन मेरा ।
अव्यावाधी सुख गुण पाऊं नाश करूं भव का फेरा ॥

ॐ ह्रीं वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठिभयो क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्य नि ।

मोह तिमिर क्षय करने को प्रभु ज्ञान दीप निज लाया हूँ।
वेदनीय दो प्रकृति नाश हित प्रभु चरणो में आया हूं ॥
वेदनीय के नाशक सिद्धो को सादर वन्दन मेरा ।
अव्यावाधी सुख गुण पाऊ नाश करूं भव का फेरा ॥

ॐ ह्रीं वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठिभयो मोहान्धकार विनाशनाय दीप नि.।

अष्ट कर्म क्षय हेतु महा प्रभु ध्यान धूप निज लाया हूँ ।
वेदनीय दो प्रकृति नाश हित प्रभु चरणों में आया हूं ॥
वेदनीय के नाशक सिद्धों को सादर वन्दन मेरा ।
अव्यावाधी सुख गुण पाऊं नाश करूं भव का फेरा ॥

ॐ ह्रीं वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठिभयो अष्टकर्म विनाशनाय धूप नि ।

पर्यायें प्रति समय बदलतीं द्रव्य शाश्वत रहता है ।
क्यों पर्यायों में मोहित हो भवभावों में बहता है ॥

महामोक्ष फल पाने को प्रभु शुक्ल ध्यान फल लाया हूं ।
वेदनीय दो प्रकृति नाश हित प्रभु चरणों में आया हूं ॥
वेदनीय के नाशक सिद्धों को सादर वन्दन मेरा ।
अव्यावाधी सुख गुण पाऊं नाश करूं भव का फेरा ॥

ॐ ह्री वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठिभयो महामोक्ष फल प्राप्ताय फल नि.।

पद अनर्घ्य पाने को स्वामी अर्घ्य ज्ञान मय लाया हूँ ।
वेदनीय दो प्रकृति नाश हित प्रभु चरणों में आया हूं ॥
वेदनीय के नाशक सिद्धों को सादर वन्दन मेरा ।
अव्यावाधी सुख गुण पाऊ नाश करूं भव का फेरा ॥

ॐ ह्री वेदनीय कर्म विनाशक श्री सिद्ध परमेष्ठिभयो अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घ्य नि. ।

अर्घ्यावलि

दोहा

वेदनीय दो प्रकृतियां करूं शीघ्र अवसान ।
अव्यावाधी सौख्य पा पाऊं स्वपद महान ॥

ताटंक

(१)

१ ॐ ह्रीं सातावेदनीयकर्मरहितानंद स्वरूपाय नम. ।

शाश्वतानंदोऽहम् ।

वेदनीय की साता प्रकृति शुभास्रव से बंध जाती है ।
कुछ दिन तक साता देती है फिर विलीन हो जाती है ॥
वेदनीय की प्रकृति विनाशू अव्यावाधी सुख पाऊ ।
सिद्ध दशा परिपूर्ण प्रगट कर परम शान्ति सुख प्रभु पाऊं॥१॥

ॐ ह्रीं साता प्रकृति विनाशक श्री सिद्ध भगवंताय अर्घ्य नि ।

(२)

२. ॐ ह्रीं असाता वेदनीयकर्मरहितरहितानंदस्वरूपाय नम ।

आनंदधामोऽहम् ।

अनुकंपा संवेग प्रशम आस्तिक्य सुगुण का धारी बन ।
अपनी आत्मा की प्रतीति कर शिवपद पा अविकारी बन॥

प्रकृति असाता वेदनीय की अशुभास्रवसे बंध जाती ।
भव अटवी में अटकाती है घोर वेदना उपजाती ॥
वेदनीय की प्रकृति विनाशूं अव्यावाधी सुख पाऊ ।
सिद्ध दशा परिपूर्ण प्रगट कर परम शान्ति सुख प्रभु पाऊं॥२॥

ॐ ह्नी साता प्रकृति विनाशक श्री सिद्ध भगवताय अर्घ्य नि ।

महाअर्घ्य

छंद मत्त सवैया

आए हो चेतन शिव पथ पर जानो स्वद्रव्य ध्रुव निजमन से ।
तुमको अब भेद विज्ञान हुआ मिथ्यात्व तजा है इस क्षण से ॥
हे ज्ञान तरंगो तुम बोलो कब तक तुम संग दोगी मेरा ।
यह जड पुद्‌गल तन दुखमय है बदबू आती है कण कण से ॥
अब तक दुख की लहरें पायी सुख पाया नहीं एक पल भी ।
अब सुख का अवसर आया है तुमको जाना अन्तर्मन से॥
भवदधि में सुख दुख की लहरें आस्रव को जाग्रत रखती हैं ।
तुमने पायी अब संवर निधि अब बहक न जाना जीवन से ॥
श्रद्धा न स्वयं का दृढ करना तुम बहक न जाना अब पर में।
तुम दर्शन ज्ञान स्वरूपी हो निर्णय करना निश्चय मन से॥

दोहा

महाअर्घ्य अर्पण करूं करू विभाव अभाव ।
वेदनीय को क्षय करूं वेदन करूं स्वभाव ॥

ॐ ह्रीं वेदनीय कर्म विनाशनाय श्री अरहंत देवाय महाअर्घ्यं नि ।

जयमाला

छंद चौपायी

वेदनीय की सही वेदना, यह अनादि की भव विडबना ।
भाऊ प्रतिपल आत्म भावना, क्षय मे हो प्रभु अब विलंबना॥

निश्चय है सामन्य द्रव्य अरु है पर्याय भेद व्यवहार ।
द्रव्याश्रय ही शिव सुख दाता पर्यायाश्रित है संसार ॥

मैं अपना ही ज्ञान सजाऊं, भेदज्ञान की बीन बजाऊं ।
ज्ञान भावना नित प्रति भाऊं, मिथ्यादर्शन को विघटाऊ॥
स्वपर विवेक ह्रदय में लाऊं, सम्यक् दर्शन उर प्रगटाऊं।
परम शान्ति का सागर पाऊं, महिमाशाली निज को ध्याऊं॥
करूँ आत्मा का अवलोकन, जो सम्पूर्णतया आनदघन ।
पर्यायों से दृष्टि हटाऊँ, द्रव्य दृष्टि हे प्रभु बन जाऊ ॥
आत्मोन्नति के मूल मंत्र को, मोक्ष प्राप्ति के महामंत्र को।
नाथ कभी मैं भूल न जाऊँ, निज स्वभाव स्वामी बन जाऊं॥
सयम की फुलवारी महके, अन्तरात्मा निज मे चहके ।
अनुभव रस की महिमा गाऊं, निज ज्ञायक का ध्यान लगाऊं॥
सकल ज्ञेय ज्ञायक हो जाऊ, सिद्ध स्वपद अपना विकसाऊं ॥
राग रग से दूर रहूँ मै, निज स्वभाव रस चूर रहू मैं ।
ज्ञान गीत निज के ही गाऊ, शुद्ध ज्ञान के वाद्य बजाऊं॥
गुण अनत मणि माला लाऊ, निज ज्ञायक को ही पहनाऊ।
यथाख्यात श्रृगार करूं मैं, मोह क्षीण कर घाति हरूँ मैं।
भव बाधाएँ सब विघटाऊं, प्रभु अरहंत दशा प्रगटाऊ ॥
गुण सिद्धत्व प्रगट कर अपना, भव दुख सारा कर दू सपना।
वेदनीय का नाश करू मैं, अव्यावाधी सौख्य वरूं मैं ॥

ॐ ह्री वेदनीय कर्म विनाशनाय श्री अरहत देवाय जयमाला पूर्णार्घ्य नि. ।

आशीर्वाद :

दोहा

वेदनीय को क्षय करू पाऊं पद निर्वाण ।
अपने ही बल से करूं मुक्ति भवन निर्वाण ॥

इत्याशीर्वाद :

नय के वन में कभी आत्मा का होता है वास नहीं ।
नयातीत इन्द्रियातीत तू पर में कभी निवास नहीं ॥

ॐ

पूजन क्रमांक ८

मोहनीय कर्म विनाशक श्री अरहंत पूजन

स्थापना

छंद कुन्डलिया

मोहनीय की प्रकृतियाँ अट्ठाईस विनाश ।
हुए श्री अरहंत प्रभु पाया ज्ञान प्रकाश ॥
पाया ज्ञान प्रकाश घातिया चारों क्षय कर ।
निमिष मात्र मे त्रेसठ कर्म प्रकृतियाँ जयकर ॥
मैं अब पूजन करता हूं निज वन्दनीय की ।
अट्ठाईस प्रकृति नाशूं इस मोहनीय की ॥

ॐ ह्री मोहनीय कर्म विनाशक श्री अरहंत परमेष्ठी अत्र अवतर अवतर सवौषट् ।
ॐ ह्रीं मोहनीय कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठी अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ· ठ स्थापन ।
ॐ ह्री मोहनीय कर्म विनाशक श्री अरहत परमेष्ठी अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

अष्टक

छंद अवतार

जन्मादि रोग त्रय नाश, हित निज गुण गाऊं ।
शुभ अशुभ विकारी भाव, पर मैं जय पाऊ ॥
कर मोहनीय का नाश, समकित गुण पाऊ ।
क्षय अट्ठाईस प्रकृति, करू निज सुख पाऊ ॥

ॐ ह्री मोहनीय कर्म विनाशनाय श्री अरहत परमेष्ठीभ्यो जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जल नि ।

भव तप हर चदन शुद्ध, भावमयी लाऊ ।
शुभ अशुभ विकारी भाव, पर मै जय पाऊ ॥

बंध मोक्ष की रचना का सामर्थ्य सभी के भीतर है।
बाह्य आचरण में संयम की खोज निरर्थक दुखकर है ॥

कर मोहनीय का नाश, समकित गुण पाऊं ।
क्षय अट्ठाईस प्रकृति, करूं निज सुख पाऊं ॥

ॐ ह्रीं मोहनीय कर्म विनाशनाय श्री अरहत परमेष्ठीभ्यो संसारताप विनाशनाय चंदन नि. ।

अक्षय पद दाता शुद्ध, निज अक्षत लाऊं ।
शुभ अशुभ विकारी भाव, पर मैं जय पाऊं ॥
कर मोहनीय का नाश, समकित गुण पाऊं ।
क्षय अट्ठाईस प्रकृति, करूं निज सुख पाऊं ॥

ॐ ह्रीं मोहनीय कर्म विनाशनाय श्री अरहंत परमेष्ठीभ्यो अक्षय पद प्राप्ताय अक्षत नि ।

मै काम विनाशक पुष्प, चिन्मय के लाऊं ।
शुभ अशुभ विकारी भाव, पर मैं जय पाऊं ॥
कर मोहनीय का नाश, समकित गुण पाऊं ।
क्षय अट्ठाईस प्रकृति, करूं निज सुख पाऊं ॥

ॐ ह्रीं मोहनीय कर्म विनाशनाय श्री अरहंत परमेष्ठीभ्यो कामबाण विनाशनाय पुष्प नि. ।

मैं क्षुधारोग क्षय हेतु, शुद्ध सुचरु लाऊं ।
शुभ अशुभ विकारी भाव, पर मैं जय पाऊं ॥
कर मोहनीय का नाश, समकित गुण पाऊं ।
क्षय अट्ठाईस प्रकृति, करू निज सुख पाऊं ॥

ॐ ह्रीं मोहनीय कर्म विनाशनाय श्री अरहत परमेष्ठीभ्यो क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्य नि ।

मैं मोह तिमिर हर दीप, ज्ञान का ही लाऊं ।
शुभ अशुभ विकारी भाव, पर मैं जय पाऊं ॥
कर मोहनीय का नाश, समकित गुण पाऊं ।
क्षय अट्ठाईस प्रकृति, करू निज सुख पाऊं ॥

ॐ ह्रीं मोहनीय कर्म विनाशनाय श्री अरहत परमेष्ठीभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं नि ।

जो चेतयिता सिद्ध भक्ति से युक्त सतत करता पुरुषार्थ।
आत्म शक्ति की वृद्धि प्राप्त कर पाता है निश्चय भूतार्थ॥

मैं अष्ट कर्म क्षय को, ध्यान अपना ध्याऊं ।
शुभ अशुभ विकारी भाव,. पर मैं जयं पाऊं ॥
कर मोहनीय का नाश, समकित गुण पाऊं ।
क्षय अट्ठाईस प्रकृति, करूं निज सुख पाऊं ॥

ॐ ह्रीं मोहनीय कर्म विनाशनाय श्री अरहत परमेष्ठीभ्यो अष्टकर्म विनाशनाय धूपं नि ।

फल मोक्ष प्राप्ति के हेतु, उत्तम फल लाऊं ।
शुभ अशुभ विकारी भाव, पर मैं जय पाऊं ॥
कर मोहनीय का नाश, समकित गुण पाऊं ।
क्षय अट्ठाईस प्रकृति, करू निज सुख पाऊं ॥

ॐ ह्रीं मोहनीय कर्म विनाशनाय श्री अरहंत परमेष्ठीभ्यो मोक्षफल प्राप्ताय फल नि ।

पदवी अनर्घ्य हित अर्घ्य, भावमयी लाऊं ।
शुभ अशुभ विकारी भाव, पर मै जय पाऊ ॥
कर मोहनीय का नाश, समकित गुण पाऊ ।
क्षय अट्ठाईस प्रकृति, करूं निज सुख पाऊ ॥

ॐ ह्रीं मोहनीय कर्म विनाशनाय श्री अरहंत परमेष्ठीभ्यो अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घ्य नि ।

अर्घ्यावलि

दोहा

मोहनीय की प्रकृति हैं अट्ठाईस सुजान ।
इनको नाशे बिन नही होता केवलज्ञान ॥
इनमें दर्शन मोह की तीन प्रकृति दुख मूल ।
चरित मोह पच्चीस है मुक्ति मार्ग में शूल ॥

(१)

१. ॐ ह्रीं मिथ्यात्वकर्मरहितश्रद्धागुणसपन्नाय नम ।

शुद्धोऽहम् ।

शुद्ध आत्मा की सुगंध जब दशों दिशाओं से आती ।
मन के अंगना में रजनी गंधा की गंध न तब भाती ॥

मोहनीय की है मिथ्यात्व प्रकृति भव सागर दुख का मूल।
जो सम्यक् दर्शन पाते हैं वे करते इसको निर्मूल ॥
मोहनीय का नाश करूंगा निज स्वभाव बल से स्वामी ।
दर्शन मोह चारित्र मोह जीतूंगा अब अन्तर्यामी ॥१॥

ॐ ह्रीं मोहनीय मिथ्यात्व प्रकृति विनाशनाय श्री अरहत देवाय अर्घ्य नि. ।

(२)

२ ॐ ह्रीं सम्यक्प्रकृतिकर्मरहितश्रद्धागुणसंपन्नाय नम ।

अचलोऽहम् ।

मोहनीय की सम्यक्त्व प्रकृति यह भी है मिथ्यात्व महान।
सम्यक् दर्शन धारण करके कर दूंगा इसको अवसान ॥
मोहनीय का नाश करूंगा निज स्वभाव बल से स्वामी ।
दर्शन मोह चारित्र मोह जीतूंगा अब अन्तर्यामी ॥२॥

ॐ ह्रीं मोहनीय सम्यक्त्व प्रकृति विनाशनाय श्री अरहंत देवाय अर्घ्य नि ।

(३)

३ ॐ ह्रीं सम्यङ्मिथ्यात्वकर्मरहितश्रद्धागुणसंपन्नाय नमः ।

निश्चलोऽहम् ।

अब सम्यक् मिथ्यात्व प्रकृति नाशूंगा नाथ सदा को ही ।
इसके झांसे मे न आऊंगा मेरे नाथ कदा को ही ॥
मोहनीय का नाश करूंगा निज स्वभाव बल से स्वामी ।
दर्शन मोह चारित्र मोह जीतूंगा अब अन्तर्यामी ॥३॥

ॐ ह्रीं मोहनीय सम्यक् मिथ्यात्व विनाशनाय श्री अरहंत देवाय अर्घ्य नि. ।

(४)

४. ॐ ह्रीं हास्यकर्मरहितचैतन्यस्वरूपाय नम. ।

सदानंदोऽहम् ।

पौरुष कर नर भव पाया है तो फिर आत्म ज्ञान कर ले।
निज पुरुषार्थ सिद्धि के द्वारा कर्मों के बंधन हरले॥

मोहनीय की हास्य प्रकृति संपूर्ण विनाशूं हे स्वामी।
हास्य भाव उपजे न कभी प्रभु यत्न करूं अन्तर्यामी॥
मोहनीय का नाश करूंगा निज स्वभाव बल से स्वामी।
दर्शन मोह चारित्र मोह जीतूंगा अब अन्तर्यामी ॥३॥

ॐ ह्रीं मोहनीय हास्य प्रकृति विनाशनाय श्री अरहंत देवाय अर्घ्यं नि ।

(५)

५. ॐ ह्रीं रतिकर्मरहितचैतन्यस्वरूपाय नम· ।

चिदानंदोऽहम् ।

मोहनीय की प्रकृति विनाशूं रति नामक अब तो स्वामी।
पर में रति उपजे न कभी प्रभु करूं यत्न अतर्यामी॥
मोहनीय का नाश करूगा निज स्वभाव बल से स्वामी।
दर्शन मोह चारित्र मोह जीतूगा अब अन्तर्यामी ॥४॥

ॐ ह्रीं मोहनीय रति प्रकृति विनाशनाय श्री अरहंत देवाय अर्घ्यं नि. ।

(६)

६. ॐ ह्रीं अरतिकर्मरहितनिर्मोहस्वरूपाय नम· ।

निर्द्वंद्वस्वरूपोऽहम् ।

मोहनीय की अरति प्रकृति को क्षय कर दूं पूरी स्वामी।
अरति भाव उपजे न कभी भी करूं यत्न अंतर्यामी॥
मोहनीय का नाश करूंगा निज स्वभाव बल से स्वामी।
दर्शन मोह चारित्र मोह जीतूंगा अब अन्तर्यामी ॥५॥

ॐ ह्रीं मोहनीय अरति प्रकृति विनाशनाय श्री अरहंत देवाय अर्घ्यं नि. ।

(७)

